# लुलु और एलाना ग्रुप करेंगे 4300 करोड़ का निवेश



एमएसएमई मंत्री राकेश सचान की अगुवाई में यूएई गए प्रतिनिधिमंडल से लुलु ग्रुप के यूसुफ अली ने मुलाकात की और सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। -विज्ञप्ति

अमर उजाला ब्यूरो

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदार देश होगा यूएई

### एमएसएमई मंत्री की अगुवाई में दुबई और अबुधाबी में मिली बड़ी कामयाबी

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी भागीदार देश होगा। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान की अगुवाई में दुबई और अबुधाबी गई टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। लुलु ग्रुप ने 3300 करोड़ और एलाना ग्रुप ने 1000 करोड़ निवेश की सहमति दी है।

सचान ने दुबई में वहां के विदेश मंत्री व आर्थिक मामलों के मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समिट में आने का न्योता स्वीकार किया। सोमवार को कई बैठकें हुईं, जिसमें निवेशकों को यूपी की विशेषताएं बताई गईं। सचान ने बताया कि निवेशकों के मन में यूपी की छह साल पहले की खराब तस्वीर थी, लेकिन उन्हें बताया गया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में निवेश के अनुकूल माहौल बना है। कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आया है। लुलु ग्रुप के यूसुफ अली ने भी उनसे मुलाकात की। यह ग्रुप नोएडा में 3300 करोड़ का निवेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में करेगा। इसके लिए सहमति पत्र पर भी दस्तखत किए गए। एलाना ग्रुप के साथ भी 1000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस टीम में शामिल पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण ने बताया कि सोनिया कृपलानी के ग्रुप ने भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में निवेश के लिए सहमति दी।

**बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया से भी अच्छे नतीजे :** निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया गई टीमों को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। सिडनी में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने रोड शो और संवाद किया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल ने बेल्जियम के ब्रुसेल्स में रोड शो व बिजनेस मीटिंग की। यह प्रतिनिधिमंडल यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के प्रतिनिधियों से भी मिला और उन्हें आमंत्रित किया।